# जन सुनवाई कार्यवाही विवरण

मैसर्स जय भोले बाबा ग्रेनाईट, प्रस्तावित खनन परियोजना (ग्रेनाईट) के खनन की क्लस्टर मय खनन परियोजना का रेफेरेन्स नम्बर 20221000052261, क्षेत्रफल 1.1746 हैक्टयर उत्पादन क्षमता 123648 टन प्रतिवर्ष एवं क्लस्टर का कुल क्षेत्रफल 6.4991 हैक्टयर के खसरा नम्बर 56 शा.न. 58 निकट ग्राम– बाछेरा, तहसील मालपुरा, जिला टोंक (राजस्थान) में पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु उपखण्ड़ अधिकारी, मालपुरा, जिला टोंक की अध्यक्षता मे दिनांक 15.10.2024 को प्रातः 11:30 बजे पंचायत समिति मालपुरा, तहसील मालपुरा, जिला टोंक (राजस्थान) में आयोजित जन सुनवाई की कार्यवाही **(Minutes)** का विवरण–

वन एवं पर्यावरण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी पर्यावरणीय प्रभाव आंकलन अधिसूचना दिनांक 14.09.2006 के अनुसरण में कार्यालय जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, टोंक के पत्र क्रमांक न्याय/पर्यावरण जनसुनवाई/2024/7986 दिनांक 21.08.2024 एव क्षेत्रिय कार्यालय, राजस्थान प्रदुषण नियंत्रण मण्डल, बूंदी के पत्र क्रमांक राप्रनिम/आरओ–बूंदी/पी.यू.बी.-101/852–858 दिनांक 21.08.2024 के अनुपालना में मैसर्स जय भोले बाबा ग्रेनाईट, प्रस्तावित खनन परियोजना (ग्रेनाईट) के खनन की क्लस्टर मय खनन परियोजना का रेफेरेन्स नम्बर 20221000052261, क्षेत्रफल 1.1746 हैक्टेयर, उत्पादन क्षमता 123648 टन प्रतिवर्ष एवं क्लस्टर का कुल क्षेत्रफल 6.4991 हैक्टेयर के खरारा नम्बर 56 शा.न. 58 निकट ग्राम– बाछेरा, तहसील मालपुरा, जिला टोंक (राजस्थान) के खनन से सम्बन्धित जन सुनवाई दिनांक 15.10.2024 को आयोजित की गई। कार्यालय जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट के पत्र क्रमांक न्याय/पर्यावरण जनसुनवाई/2024/11933 दिनांक 14.10.2024 के संशोधित आदेश द्वारा उपखण्ड़ अधिकारी, मालपुरा, तहसील मालपुरा, जिला टोंक को उक्त जनसुनवाई हेतु अधिकृत किया गया।

सुनवाई में उपस्थित सभी व्यक्तियो का विवरण मय हस्ताक्षर परिशिष्ट संख्या 01 पर संलग्न है। जन सुनवाई की आम सूचना समाचार पत्र ताज भारती के संस्करण में दिनांक 13.09.2024 एवं द इण्डीयन एक्सप्रेस के संस्करण में दिनांक 12.09.2024 को प्रकाशित की गई थी जिसकी प्रति परिशिष्ट संख्या 02 पर संलग्न है।

**उपखण्ड अधिकारी**
**मालपुरा (टोंक)**

Scanned with OKEN Scanner

जन सुनवाई के प्रारम्भ मे राजस्थान राज्य प्रदुषण नियंत्रण मण्डल के क्षेत्रीय अधिकारी श्रीमती सविता ने सभी आंगतुको का स्वागत किया। तत्पश्चात् श्रीमान् अमित चौधरी, उपखण्ड अधिकारी मालपुरा, तहसील टोंक, जिला टोंक की अनुमति से जन सुनवाई प्रारम्भ की गई।

श्रीमती सविता, क्षेत्रीय अधिकारी, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, बूंदी ने जन सुनवाई के प्रावधान, उदेदश्य एवं महत्व तथा प्रस्तावित परियोजना के बारे में जानकारी दी एव परियोजना के बारे में विस्तृत जानकारी देने हेतु पर्यावरणीय सलाहकार को जनसुनवाई के दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं ग्रामवासियों/व्यक्तियों को प्रस्तावित खनन परियोजना के बारे में विस्तार से अवगत कराने बाबत आमंत्रित किया।

परियोजना प्रबंधक की ओर से खनन परियोजना के पर्यावरणीय सलाहकार परिवेश इन्वॉयरमेन्टल इन्जीनियरिंग सर्विसेज की तकनीकी सलाहकार श्री गौरीशंकर के माध्यम से जन सुनवाई के दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं ग्रामवासियों/जनसमुह को विस्तृत जानकारी दी। खनन मय क्लस्टर की प्रस्तावित परियोजना की मुख्य विशेषताएं, कुल उत्पादन क्षमता, खनन योग्य खनिज भण्डार, खनन विधि, खान की आयु, अध्ययन क्षेत्र का विवरण, टोपोग्राफी, खनन से होने वाले संभावित पर्यावरणीय प्रभाव और न्यूनीकरण उपाय, पर्यावरण संरक्षण के उपाय, पर्यावरण प्रबंधन के साथ हरित पट्टी का विकास, व्यवसयिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा श्रमिक कल्याण हेतु प्रस्तावित कार्य एवं कोर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सी.एस.आर.) के सम्बन्ध में भी जानकारी दी गई।

श्रीमती सविता, क्षेत्रीय कार्यालय, राजस्थान राज्य प्रदुषण नियंत्रण मण्डल, बूंदी एवं श्रीमान् अमित चौधरी, उपखण्ड अधिकारी मालपुरा, जिला टोंक की ओर से जन सुनवाई में उपस्थित ग्राम वासियों/जनसमूह को अपने विचार/आपत्ति सुझाव प्रकट करने के लिए आमंत्रित किया गया। क्षेत्रीय अधिकारी द्वारा गांव वालों को खान से कोई आपत्ति के बारे में पुछा तथा बताया की अगर कोई समस्या हो तो आप लिखित में भी अपना सुझाव दे सकते है।

अंत में ग्रामवासी/जनसमुदाय ने खान के बारे में कोई आपत्ति नहीं होना बताया।

जन सुनवाई से पहले, दौरान एवं जनसुनवाई के पश्चात् उक्त परियोजना से संबंधित कोई भी सुझाव/अभ्यावेदन/प्रार्थना पत्र लिखित में प्राप्त नही हुए है।

उपखण्ड अधिकारी
मालपुरा (टोंक)

Scanned with OKEN Scanner

अंत में श्रीमान् अमित चौधरी, उपखण्ड अधिकारी मालपुरा, जिला टोंक की अनुमति से श्रीमती सविता, क्षेत्रीय कार्यालय, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, बूंदी द्वारा उपस्थित ग्रामवासियों/ जनसमूह को शांति एवं संयम पूर्वक अपनी बात कहने, जन सुनवाई में भाग लेने हेतु हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए जन सुनवाई समाप्ति की घोषणा की गई।

जन सुनवाई की विडियो रिकॉर्डिंग व सी.डी. संलग्न है।

अमित चौधरी
उपखण्ड अधिकारी
मालपुरा, जिला टोंक (राज.)
उपखण्ड अधिकारी
मालपुरा (टोंक)

सविता
क्षेत्रीय अधिकारी
रा.प्र.नि.म. बूंदी (राज.)
क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल
बून्दी (राजस्थान)

Scanned with OKEN Scanner

# उपस्थिति पत्रक

मैसर्स जय भोले बाबा ग्रेनाइट, रेफेरेन्स संख्या 20221000052261, क्षेत्रफल– 1. 1746 हैक्टेयर, उत्पादन क्षमता– 1,23,648 TPA ( ROM ), निकट ग्राम– बाछेरा, तहसील –मालपुरा, जिला –टोंक, की प्रस्तावित ग्रेनाइट खनन परियोजना के सम्बन्ध में पर्यावरणीय सुनवाई :–

स्थान :– पंचायत समिति सभागार, मालपुरा, जिला टोंक (राज0)

दिनांक :– 15.10.2024

समय :– प्रातः11:30 बजे से

| क्र. सं. | नाम व पता | हस्ताक्षर |
|---|---|---|
| 1. | Amit kumar Choudhary SDM Mlp | [signature] |
| 2. | Savita, RO, RSPCB, Bundi | Savita |
| 3. | Rohitash Bala, AEE, RPCB, Bundi | [signature] |
| 4. | Ronak Goyal | Ronak |
| 5. | Jai prakash Amir | [signature] |
| 6. | [illegible] | [signature] |
| 7. | लक्ष्मण [illegible] | लक्ष्मण |
| 8. | मुकेश [illegible] मदनगंज किशनगढ़ | [signature] |
| 9. | गजानन्द S/o नानाराम रूपाहेली | गजानन्द |
| 10. | [illegible] S/o [illegible] | [signature] |
| 11. | अ० हमीद S/o अ० शकूर [illegible] | अ० हमीद |
| 12. | मोहम्मद नाजिर S/o अब्दुल [illegible] | [signature] |
| 13. | गोरधनसिंह S/o छितर सिंह रूपाहेली | |
| 14. | दिग्विजयसिंह S/o नारायणसिंह [illegible] गांव | दिग्विजयसिंह |
| 15. | | |

| क्र. | नाम व पता | हस्ताक्षर |
|---|---|---|
| 15. | जसकरण ओलाकन्द दाधीची | जसकरण |
| 16. | नानू | नानू |
| 17. | लालाराम | लालाराम |
| 18. | कुलवंत कोटेपुर | Kulwant |
| 19. | पुखानन्दगिरि ग्राम - दाबड़ा | पुखानन्दगिरि |
| 20. | हेमराज जाट भीलवाड़ा | हेमराज |
| 21. | हरिनारायण सोनी | [illegible] |
| 22. | अंकित नाथ | अंकित नाथ |
| 23. | कजोड़ीराम गुर्जर | कजोड़ीराम गुर्जर |
| 24. | लोकेश रूपावत | लोकेश |
| 25. | गणेश पीपली | गणेश पीपली |
| 26. | शिवराज | [illegible] |
| 27. | सुरेश गुर्जर | सुरेश |
| 28. | नरेन्द्र भास्कर | [illegible] |
| 29. | रूघाराम गोदारा | रूघाराम गोदारा |
| 30. | नियाज मोहम्मद | N. Mohd |
| 31. | | |
| 32. | | |
| 33. | | |
| 34. | | |

Scanned with OKEN Scanner

